आपसी सहमति पत्र

**(Memorandum of understanding)**

गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृन्दावन

तथा

राधाबल्लभ चुन्नीलाल अग्रवाल बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा

**यह सहमति पत्र (एमओयू के रूप में संदर्भित है तथा निम्न पक्षों के मध्य प्रस्तावित किया जा रहा है।**

गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृन्दावन जो एक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक अनुसंधान संस्था है जो गीता परम्परा, रासलीला, भारतीय ज्ञान प्रणाली तथा ब्रज विरासत के अध्ययन, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु समर्पित है।

**राधाबल्लभ चुन्नीलाल अग्रवाल बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा।**

उपर्युक्त दोनों संस्थान संयुक्त रूप से इस सहमति पत्र के माध्यम से दो वर्ष की अवधि में साझे कार्यक्रमों पर सर्वसहमति से आदान–प्रदान एवं कार्य करेंगे।

गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वर्तमान में उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा एवं पर्यटन विभाग के अधीन वृंदावन में संचालित है। मई 2022 से कार्यरत यह अकादमी ब्रज की पारम्परिक लोक नाट्य कला रासलीला के प्रशिक्षण, संरक्षण, प्रचार–प्रसार एवं विस्तार के लिए कार्य करती है, इसी के साथ श्रीमद्‌भगवद् गीता पर समय–समय पर व्याख्यान, संगोष्ठी के अलावा शोधकर्ताओं को ग्रंथ आदि उपलब्ध कराने का कार्य हो रहा है। इस संस्थान का उद्देश्य ब्रज की संस्कृति के संरक्षण के लिये कार्य करना है। इसका मुख्य कार्य रासलीला का विधिवत प्रशिक्षण है। जिसमें गायन, वादन, नृत्य (कत्थक) रासलीला विधान का अध्ययन प्रतिदिन कक्षाओं और कार्यशाला के माध्यम से दिया जाता है। समय समय पर अकादमी स्कूली बच्चों द्वारा गीता पर कार्यक्रम कराये जा रहे हैं। प्रतिवर्ष गीता जयंती भी विशेष रूप से मनायी जाती है। उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा वर्ष भर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अकादमी में प्रशिक्षित विद्यार्थियों द्वारा रासलीला के विधिवत् मंचन होते हैं।

**अकादमी परिसर एवं संसाधन :** संस्थान का अपना भवन है जिसमें दो सभागार, दो बड़े अभ्यास कक्ष, मुक्ताकाशीय, खुलामंच एवं अनेक अध्ययन कक्ष निर्मित हैं। जहां निरन्तर रासलीला के प्रशिक्षण

एवं मंचन कराये जाते हैं। एक सुसज्जित वातानुकूलित प्रेक्षागृह का निर्माण अपने अंतिम चरण में है। इस प्रेक्षाग्रह में एक हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

इसी के साथ भवन में पुस्तकालय, वाचनालय, स्टूडियो कक्ष निर्मित है जहाँ विद्यार्थी अपना अध्ययन व प्रशिक्षण अभ्यास कर सकते हैं।

**पुस्तकालय एवं ग्रन्थागार :** भवन में स्थित पुस्तकालय एवं ग्रंथागार में भक्ति साहित्य, रासलीला के आलेख, रासलीला संबंधी पुस्तकें, विभिन्न लेखकों व प्रकाशकों की श्रीमद्‌भगवद् गीता के ग्रन्थ तथा विभिन्न विद्वानों द्वारा कृत भाष्यों, शोधकर्ताओं द्वारा तैयार अनुसंधान पत्रों का संकलन संग्रह किया गया है। गीता से सम्बन्धित साहित्य सामग्री, प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों का भी इस पुस्तकायल में संग्रह किया गया है।

**ब्रज संस्कृति एवं श्रीकृष्ण संबंधी चित्रों का संग्रह :** उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा गत तीन वर्षों से श्रीकृष्ण जन्म पर आयोजित राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर में तैयार चित्रों का संग्रह भी एक संस्थान की उपलब्धि है। इस दौरान तैयार चित्रों की प्रदर्शन भी दर्शनीय है।

**रासलीला :** संस्थान में रासलीला अकादमी के अंतर्गत रासलीला का विधिवत प्रशिक्षण कराया जाता है। जिसमें गायन, वादन, नृत्य एवं रासलीला पर प्रशिक्षण और कक्षाऐं भी आयोजित की जाती है।

**रासलीला अकादमी :** अकादमी द्वारा ब्रज की रासलीला का विधिवत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अकादमी रासलीला का उद्भव, ब्रज संस्कृति, गायन, वादन, नृत्य और रासलीला का वेशभूषा, आभूषण एवं श्रृंगार प्रशिक्षण के लिए इसमें नियमित कक्षाऐं और विविध रासलीला से मंचित करती है। अभी तक अकादमी द्वारा लगभग **तीन सौ प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण** ले चुके हैं। जो अपनी अपनी संस्थाओं और विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं।

इस रासलीला अकादमी को उ.प्र. पर्यटन विभाग के अंतर्गत उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित किया जा रहा है। अकादमी में पूर्णकालिक– रासाचार्य, तबला, पखावज, बांसुरी, हारमोनियम, सारंगी के प्रशिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। जो प्रशिक्षणार्थियों को नियमिति कक्षा अभ्यास कराते हैं। समय–समय पर आयोजित कार्यशाला के माध्यम से रासलीला प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र दिये जाते हैं।

दिनेश खन्ना    Agrawal

Scanned with OKEN Scanner

**गीता शोध संस्थान :** रासलीला अकादमी के साथ ही यहाँ गीता शोध संस्थान की गतिविधियाँ भी आयोजित की जाती हैं। समय–समय पर भगवद्‌गीता पर संगोष्ठी, व्याख्यान आयोजन इसका प्रमुख गतिविधि हैं। इसी के साथ गीता के प्रचार–प्रसार के लिए इंटर कॉलेज स्तर पर भी कार्यक्रम चलाये जाते हैं। विभिन्न सरकारी विभागों, जिला कारागार में गीता के कार्यक्रम होते हैं। जिसमें गीता निबंध प्रतियोगिता, व्याख्यान, सुलेख लेखन, बाल संगोष्ठी करायी जाती है। परिसर में स्थिति ग्रंथागार में गीता अध्ययन की व्यवस्था और गीता जयंती के अवसर पर संगोष्ठी कराना इसका मुख्य उद्देश्य है।

**गीता शोध संस्थान में वर्तमान में चल रहे कार्यक्रम :** वर्तमान समय में संस्थान गीता एवं रासलीला पर शिक्षण, संगोष्ठी, गीता व्याख्यान, रासलीला प्रशिक्षण एवं मंचन जैसे कार्य कर रहा है। जिसमें ब्रज के छात्र भागेदारी कर रहे हैं। जिनको लेकर तीन माह का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र कोर्स विधिवत चलाया जा रहा है।

**वर्ष पर्यंत चलने वाले कार्यक्रम :** संस्थान द्वारा भगवद्‌गीता अध्ययन, श्लोक गायन, श्लोक सुलेख केलीग्राफिक, इंटर स्कूल गीता व्याख्यान जैसे सफल कार्यक्रम होते रहते हैं। इसी के साथ गीता जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष अनेक संगोष्ठी, परिचर्चा होती है। इसी के साथ दूसरी बड़ी व्यवस्था रासलीला के प्रशिक्षण है, जिसमें गीत, संगीत, गायन–वादन, नृत्य के प्रशिक्षकों द्वारा रासलीला का मंचन कराया जाता है। रासलीला का सैद्धान्तिक में व्यवहारिक पक्ष और मंचन की दृष्टि से लीला अभ्यास भी सिखाया जाता है। जिसमें पिछले दो वर्षों में लगभग दो सौ प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक भाग लिया है।

दिनेश खन्ना    AAgrawal

Scanned with OKEN Scanner

**राधावल्लभ चुन्नीलाल अग्रवाल बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा का परिचय एवं उद्देश्य एवं संयुक्त समझौते के अंतर्गत कार्यक्रमों का विवरणः**

**परिचय :–** आर.सी.ए. गर्ल्स कॉलेज मथुरा में स्थित एक गर्ल्स कॉलेज है। ये विद्यालय वर्ष 1971 में स्थापित हुआ तथा ये डॉ. बी.आर. आंबेडकर विश्व विद्यालय आगरा से संबंद्ध है औरं कला, वाणिज्य और विज्ञान विषयों में स्नातक (यू.जी.) और स्नातकोत्तर (पी.जी.) पाठ्यक्रम प्रदान करता है। जिसका उद्देश्य शिक्षा और सशक्तिकरण है। लड़कियों को उच्च शिक्षा, आत्म विश्वास और स्वालम्बन की दिशा में आर.सी.ए. कॉलेज का विशेष योगदान रहा है।

आर.सी.ए. कॉलेज विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों की लड़कियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने और उन्हें सक्षम बनाने के मिशन के साथ कार्य करता है। आर.सी.ए. कॉलेज मथुरा के अग्रणी महिला कॉलेज में से एक है। जिसमें चाहें शिक्षा हो या समाज सेवा, संस्कृति हो एवं खेल सभी क्षेत्रों में यहाँ की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है औश्र प्रदेश भर में अपनी एक पहचान बनाई है। आर.सी.ए. कॉलेज का शिक्षा के साथ–साथ आर्थिक और नैतिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि वे समाज के जिम्मेदार नागरिक बने जिसका मुख्य उद्देश्य हमें अंधकार से प्रकार की ओर चलें जिसमें महिलाओं का सशक्तिकरण और दूरदर्शितापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जाता है। यह कॉलेज कला, वाणिज्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्रदान करता है साथ ही अनुसंधान और पाठ्योत्तर गतिविधयो को भी निरंतर बढ़ावा देता है। इस तरह आर.सी.ए. कॉलेज ने अपने अल्प समय में ही शिक्षा, स्वालम्बन, संस्कृति और जाग्रति विशेष कर महिलाओं के उज्जवल और आत्म निर्भर होने की दिशा में एक सक्रीय भूमिका निभाई है। विद्यालय के उद्देश्य छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित है एक और सर्वांगीण विकास तो दूसरी ओर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार के अवसर साथ ही खेल, कम्प्यूटर, सांस्कृतिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में समान रूप से विद्यालय सदैव अग्रसर रहता है।

**आर.सी.ए. कॉलेज की सांस्कृतिक गतिविधियाँ प्रशिक्षण एवं वॉकेशनल कोर्स का नियमित कार्यक्रम :** आर.सी.ए. गर्ल्स कॉलेज मथुरा में मुख्य शिक्षा के साथ छात्राओं के लिए चित्रकला, संगीत, गायन पर नियमित पाठ्यक्रम एवं कक्षाऐं है। संगीत, गायन, चित्रकला पर मान्यता प्राप्त कोर्स विद्यालय द्वारा संचालित किया जाता है। साथ गीत, संगीत, नृत्य एवं रंगमंच पर प्रशिक्षण कार्यशालाऐं भी विद्यालय वर्ष भर आयोजित करता है। जिसमें देश के प्रसिद्ध रंगकर्मी और संगीतकार प्रशिक्षण देते है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सीनियर प्रोफेसर के मार्गदर्शन में रंगमंच का प्रशिक्षण और नाट्य प्रस्तुतियाँ विद्यालय की उपलब्धि रही है। विद्यालय द्वारा आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा द्वारा मान्यता प्राप्त वॉकेशनल कोर्स के लिए प्रयारत कर रहा है और इसी क्रम में रंगमंच प्रशिक्षण, चित्रकला, संगीत, नृत्य, ब्रज की संस्कृति जैसे विषयों पर व्यवाहरिक प्रशिक्षण निरन्तर दिया जा रहा है।

**आर.सी.ए. कॉलेज की सांस्कृतिक गतिविधियाँ :** आर.सी.ए. कॉलेज ब्रज क्षेत्र का प्रथम महिला कॉलेज है जहाँ वर्षभर सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती है। वर्ष में लगभग तीनसे चार संगीत, नृत्य, अभिनय, रंगमंच पर कार्यशालाऐं आयोजित की जाती है। इसी के साथ ब्रज की संस्कृति और परम्परिक रंगमंच रासलीला का भी विधिवत प्रशिक्षण कराया जाता है। जिसमें विद्यालय की छात्राऐं निरंतर ब्रज की संस्कृति और परम्परा से सीधा साक्षात्कार होता है। इसी के साथ विद्यालय में

Agrawal

समय–समय पर संगोष्ठी परिचर्या, सेमीनार भी आयोजित किए जाते है। भगवद्गीता पर व्याख्यान एवं संगोष्ठी तथा श्लोक गायन भी संस्कृति कार्यक्रमों का विशेष और अभिन्न अंग रहता है। जिनका गीता विद्वान और छात्राओं द्वारा आयोजित किया जाता है।

**गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृन्दावन एवं आर.सी.ए. कॉलेज मथुरा द्वारा एम. ओ.यू. के अंतर्गत संयुक्त कार्यक्रमों का विवरणः**

- दोनों संस्थानों को ब्रजक्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिरों एवं पर्यटक स्थलों का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण।
- गीत संगीत, नृत्य, अभिनय, रंगमंच पर प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं का आयोजन तथा ब्रज की संस्कृति एवं आधुनिक रंगमंच का तीन माह पाठ्यक्रम संचालित करना।
- पाठ्यक्रम की प्रशिक्षित छात्राओं को गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृन्दावन एवं आर. सी.ए. कॉलेज मथुरा के संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त प्रमाणपत्र जारी करना।
- आर.सी.ए. कॉलेज द्वारा आयोजित रंगमंच एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षक उपलब्ध कराना और संचालित करने में संसाधन उपलब्ध कराने में सहयोग करना।
- ब्रज के परम्परिक रंगमंच ब्रज की रासलीला का विधिवत प्रशिक्षण देना। इस एम.ओ.यू. के अंतर्गत मुख्य कार्य रहेगा। इसमें रासलीला अकादमी की ओर से रास स्वामी द्वारा इनको संचालित कराया जायेगा तथा रासलीला पर विधिवत् पाठ्यक्रम विकसित करते हुए ब्रज की रासलीला पर छात्राओं को प्रशिक्षित कराया जायेगा।
- आर.सी.ए. कॉलेज के संगीत और चित्रकला विभाग को रासलीला अकादमी द्वारा क्रियाशील बनाने में सहायता की जायेगी तथा चित्रकला शिविरों के आयोजन के माध्यम से छात्राओं को ब्रज की चित्रकला शैलियों से परिचित कराया जायेगा।
- गीता पर संगोष्ठियों द्वारा एवं गीता व्याख्यान का विद्यालय में आयोजन कराया जायेगा।
- गीता श्लोक का संगीतमय गायन छात्राओं को सिखाया जायेगा तथा गीता श्लोक को केलीग्राफी शैली लिखना सिखया जायेगा।
- आर.सी.ए. कॉलेज एवं गीता शोध संस्थान रासलीला अकादमी के संयुक्त प्रशिक्षण में तैयार की गयी नाट्य प्रस्तुति विशेषकर रासलीला की मंच प्रस्तुतियों के मंचन और उ.प्र. में आयोजित रंग उत्सवों में उनके मंचन कराये जायेंगे।

**उपरोक्त समझौते के आधार पर कार्यान्वयन रूपरेखा :**

1. इस एम.ओ.यू. की प्रारंभिक अवधि दो (2) वर्ष होगी, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकेगा।
2. दोनों पक्ष शैक्षणिक, सांस्कृतिक, अनुसंधान एवं प्रकाशन गंतिविधियों हेतु संयुक्त संचालन ढाँचा विकसित करेंगे।
3. संयुक्त कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार हेतु दोनों संस्थानों के नाम एवं स्वीकृत चिह्न–लोगो का उपयोग किया जा सकेगा।

दिनेश खन्ना    A Agrawal

Scanned with OKEN Scanner

4. इस एम.ओ.यू. के अंतर्गत विकसित बौद्धिक संपदा (जैसे : प्रकाशन, पाठ्य सामग्री, मीडिया सामग्री, डिजिटल अभिलेख आदि) दोनों पक्षों की संयुक्त संपत्ति मानी जाएगी, जब तक कि लिखित रूप में अन्यथा सहमति न हो।

5. कार्यक्रमों के मंचन एवं प्रस्तुतियों एवं अन्य किसी भी आयोजन पर होने वाले समस्त व्यय गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृन्दावन द्वारा स्वयं के श्रोतों से किया जाएगा जिसमें आर.सी.ए. कॉलेज मथुरा की कोई भी भागीदारी नहीं होगी।

6. कार्यक्रमों के मंचन एवं प्रस्तुतियों के प्रयोग में लाए जाने वाली वेषभूषा, आभूषण, साज–सज्जा, लाइट एवं साउन्ड व टैण्ट आदि की व्यवस्था एवं उन पर होने वाला व्यय गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृन्दावन द्वारा किया जाएगा।

7. महाविद्यालय के बाहर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से पूर्व छात्राओं के अभिभावकों से लिखित सहमति लेनी अनिवार्य होगी।

**सामान्य शर्तें**

1. यह एम.ओ.यू. पारस्परिक विश्वास, सम्मान एवं सहयोग पर आधारित है तथा किसी भी प्रकार का कानूनी या वित्तीय दायित्व नहीं बनाता, जब तक कि पृथक समझौतों में स्पष्ट रूप से उल्लेख न हो।
2. कोई भी पक्ष 60 दिन पूर्व लिखित सूचना देकर इस एम.ओ.यू. को समाप्त कर सकता है।
3. इसकी व्याख्या या क्रियान्वयन से उत्पन्न किसी भी विवाद का समाधान आपसी संवाद द्वारा किया जाएगा।
4. इस एम.ओ.यू. में संशोधन केवल लिखित रूप में और दोनों पक्षों के हस्ताक्षर से ही वैध होगा।

जिसके साक्ष्य में, दोनों पक्षों द्वारा इस सहमति पत्र पर दिनांक 28/01/ 2026 को हस्ताक्षर किए गए।

(प्रो. दिनेश खन्ना)
निदेशक
गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी

उमेश चंद्र शर्मा
ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ
उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद

(प्रो. डॉ. अंजूबाला अग्रवाल)
PRINCIPAL
R.C.A. Girls (P.G.) College
MATHURA

(श्री गिरीश अग्रवाल)
प्रबंधक
आर.सी.ए. गर्ल्स कॉलेज
Secretary
R. C. A. Girls College
MATHURA

Scanned with OKEN Scanner

KHAJANI WELFARE SOCIETY
(Regd. Under Society Registration Act. 1860 U.P.)
(Regd. u/s 12AA & 80G of Income Tax Act, 1961)

Ref. No : ......................................  Date : 21/07/2025

# Memorandum Of Understanding

**Between**
**Khajani Welfare Society**
**&**
**RCA Girls' P. G. College**

This MOU is made on 21st of July, 2025

**BETWEEN**

**Khajani Welfare Society** represented by its authorized representative, **Mrs. Abha Maheshwari,** having its registered office in 64/128, Near Mukund Utsav, Dampier Nagar, Mathura 281001, is (Referred as 1st party) a non-governmental organization, registered under Society Act 1860 U.P. and also registered u/s 12AA & 80G of income tax Act, 1961. , dedicated to work with the urban poor to reduction of suffering and bring about long-term and sustainable transformation to their quality of life.

**AND**

**R C A Girls' P.G. College**, a non-profit organization registered under Dr. Bhimrao Ambedkar University, by its authorized representative, **Mrs. Anju Agrawal (Principal)** and having its office at near Masani Tiraha, Virandavan Gate, Mathura 210054(Referred as 2nd party) A educational institute for provide graduation and post-graduation qualifications for girls of Mathura and nearby areas

**NOW THEREFORE THIS MEMORANDUM OF UNDERSTANDING WITNESSES AS UNDER,**

- **Course offered: Self Employed Tailor (Progressive), Computer & Office Management (Progressive), Public Relation Officer (Progressive) , M.S. office & Internet (Independent), & Financial Accounting & Tally (Progressive)**
- **Duration of Course:** 4 Calendar Months
- **Class Time:** 60 min/day.
- **Class Days:** Monday to Saturday at 2nd party premises.
- **Notes:** Provided by 1st party
- **Syllabus**: Designed as per guidance of Dr B.R. Ambedkar University, Agra by 1st Party
- **Class rooms:** Provided and maintained by 2nd party
- **Laboratories:** Provided and maintained by mutual consent
- **Faculty:** Provided by 1st party



Scanned with OKEN Scanner

- **Study & Practice Material:** Arranged by students.
- **Examinations:** To be conducted after course by 1st party
- **Question Paper:** Designed by 1st party
- **Examination Material**: Provided by 2nd party
- **Certificates:** Provided by 1st party.
- **Agreement:** To be renewed Semester wise
- **Minimum Students Required:** At least 30 students/Course

**GENERAL CONDITIONS**

*VALIDITY OF MOU*

The validity of the MOU shall be for a period of one year commencing from the date of execution of this MOU and will conclude on 20th June 2026.

*INTERPRETATION and JURISDICTION*

- No amendment or modification of this agreement shall be valid unless the same is made in writing by both the parties or their authorized representative and specifically stating the same to be an amendment of this agreement. The modifications /changes shall be effective from the date on which they are made /unless otherwise agreed to.
- Any notice required or permitted by this agreement shall be in writing and shall be delivered to the addresses first described above or to such other address that the receiving party may have provided for the purpose of notice in accordance with this section.
- Any disputes arising out of interpretation of the MOU shall be firstly resolved by mutual discussion between the parties

Abha Maheshwari

On Behalf of
**Khajani Welfare Society**
**Mrs Abha Maheshwari**
**President**

On Behalf of
**R C A Girls' P.G. College**
**Mrs. Anju Agrawal**
**Principal**

Scanned with OKEN Scanner

DAKSH EDUCATIONS
विद्या सदैव परोपकारी

# DAKSH EDUCATIONS

(Regd. Trust)

Ref. No. : ........................

Date 21/07/2025....

# Memorandum of Understanding (MOU)

**between**

**Daksh Educations &**
**RCA Girls' P.G. College**

Outlining the terms and conditions for collaboration in providing educational services. The MOU covers various aspects such as course duration, class schedules, responsibilities of both parties, and general conditions.

Here's a brief summary of the key points in the MOU:

**Parties Involved:**

1. **1st Party: Daksh Educations**
- , and represents a registered non-governmental organization dedicated to women welfare.
- Providing faculty, syllabus design, examinations certificates.
2. **2nd Party: RCA Girls' P.G. College**
- A registered educational institute offering graduation and post-graduation qualifications for girls.
- Providing premises, maintaining classrooms, and supplying examination materials.

**MOU Details:**

1. **Course, Duration & Schedule:**
- Course Name: Yoga Instructor
- Course duration: 4 calendar months.
- Class time: 60 minutes per day, Monday to Saturday at the 2nd party's premises.
2. **Course Logistics:**
- Notes provided by the 1st party.
- Syllabus designed under the guidance of Dr. B.R. Ambedkar University by the 1st party.
- Classrooms provided by the 2nd party.
- Laboratories provided and maintained by mutual consent.
3. **Faculty & Materials:**
- Faculty provided by the 1st party.
- Study & practice materials arranged by students.

64/128, Gali Sales Tax, Dampier Nagar, Mathura-281001
Mob. 8126511999, 9997080570, Email : dakshedcationsmathura@gmail.com

Scanned with OKEN Scanner

4. **Examinations & Certification:**
- Examinations conducted by the 1st party after the course.
- Question paper design and certificates provided by the 1st party.

5. **Agreement Terms:**
- Agreement to be renewed year-wise.
- Minimum 30 students required per course.

**General Conditions:**

- **Validity of MOU:** One year from the date of execution.
- **Interpretation and Jurisdiction:**
- Amendments must be in writing by both parties.
- Disputes to be resolved through mutual discussion.

This MOU outlines the roles, responsibilities, and terms agreed upon by both parties for educational collaboration. It's legally binding once executed by the authorized representatives of both organizations.

- **Effective Date:** 21 July 2025

**Signatories:** 21/07/2025

Mr. Shobhit Maheshwari,
Director of Daksh Educations,
Mathura, on behalf of the 1st party.

Mrs. Anju Agrawal,
Principal of RCA Girls' P.G. College,
on behalf of the 2nd party.

**Witnessed by**

Mrs. Chhavi Agrawal 21 July 2025

Programme Coordinator

Scanned with OKEN Scanner